JALAUN POLICE

दिनांक – 27.06.2025

कोतवाली माधौगढ क्षेत्रान्तर्गत मृतक के परिवारीजन व अन्य लोगों द्वारा मृतक के शव को बंगरा-माधौगढ मार्ग पर रखकर अनुचित तरीके से जाम लगाने व पुलिस के कार्यसरकार व आमजनता के आवागमन में बाधा पहुचाने के संबन्ध में कोतवाली माधौगढ पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही कर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की गयी।

अवगत कराना है कि दिनांक 25.06.2025 को कोत0 माधौगढ़ में मृतक अंकित राजपूत पुत्र पुत्तन उम्र करीब 22 वर्ष नि0 ग्राम बंगरा कोत0 माधौगढ़ जनपद जालौन का शव बंगरा कुदारी रोड़ के किनारे खन्ती में पड़ा होने की सूचना प्राप्त हुई। उक्त सूचना पर कोतवाली माधौगढ पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर पाया कि मृतक अंकित का शव रोड के किनारे खन्ती पर मुँह के बल पड़ा हुआ था तथा पास में प्लेटिना मोटर साइकिल नं0 UP-92-AP-9895 क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी हुई थी। घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर मृतक उपरोक्त के शव अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु मेडिकल कलेज भिजवाया गया था। बाद पोस्टमार्टम शव को मृतक के परिजनो को सुपुर्द किया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण सड़क दुर्घटना पाया गया है।

दिनांक 26.06.2025 को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोगो नें मृतक अंकित राजपूत उपरोक्त के मकान के पास बंगरा माधौगढ़ रोड पर मृतक का शव रखकर व मोटर साइकिलो को रोड पर खड़ा कर तथा रोड पर बैठकर नारे बाजी व हंगामा करते हुए बंगरा माधौगढ़ रोड को जाम कर रखा है। जिससे राहगीरो/आमजनता को परेशानी हो रही है। उक्त सूचना पर क्षेत्राधिकारी माधौगढ, प्र0नि0 कोत0 माधौगढ मय हमराह फोर्स द्वारा मौके पर पहुंचकर जाम को खुलवाया गया व लोगों को समझाबुझा कर उनके गन्तव्य के लिए रवाना किया गया एवं क्षेत्राधिकारी माधौगढ, प्र0नि0 कोत0 माधौगढ मय हमराह फोर्स की मौजूदगी में मृतक के परिजनों द्वारा मृतक के शव का अन्तिम संस्कार किया गया।

अनुचित तरीके से जाम लगाने व कार्यसरकार व आमजनता के आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कोतवाली माधौगढ में मु0अ0सं0 92/2025 धारा-285/126(2)/191(2)/190/121(1) व धारा- 7 आपराधिक कानून अधि0 व 8B राष्ट्रीय राजमार्ग अधि0 बनाम अंकित राजावत पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम कुटरा थाना माधौगढ़ जनपद जालौन आदि 41 नफर पंजीकृत किया गया है।

कोतवाली माधौगढ पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर/वांछित अपराधी एवं सुरागरसी-पतारसी के दौरान मुखबिर की सूचना पर उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित 03 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। अन्य व्यक्तियों की गिरफ्तारी हेतु सम्भावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। शीघ्र ही गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जायेगी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –

1. अंकित राजावत पुत्र राजेन्द्र सिंह राजावत उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम कुटरा थाना माधौगढ़ जनपद जालौन
2. अवनीश कुमार उर्फ राज राजावत पुत्र अशोक सिंह उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम कुटरा थाना माधौगढ़ जनपद जालौन
3. अमन राजावत पुत्र प्रदीप राजावत उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम बंगरा थाना माधौगढ़ जनपद जालौन

पुलिस टीम का विवरण –

1. प्र0नि0 कोतवाली माधौगढ मय पुलिस टीम